पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राजकीय बालगृह का निरीक्षण किया

लखनऊः 29 जुलाई, 2019

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज प्राग नारायण रोड स्थित राजकीय बालगृह (शिशु) का निरीक्षण किया। राज्यपाल ने बालगृह के बच्चों को फल एवं चाकलेट उपहार स्वरूप दिया। बालगृह में नवजात से 10 वर्ष तक की आयु के बच्चों का पालन-पोषण किया जाता है।

राज्यपाल ने बालगृह के न्यायालय कक्ष, बाल कल्याण समिति कक्ष, शिक्षण कक्ष, दत्तक ग्रहण ईकाई कक्ष एवं दिव्यांग बच्चों के कक्ष का निरीक्षण किया तथा बारीकी से बच्चों के बारे में जानकारी भी प्राप्ति की। उन्होंने बच्चों के सिर पर हाथ फेरकर दुलार किया तथा बच्चों ने उन्हें 'बच्चे मन के सच्चे' तथा 'एक कौआ प्यासा था' गीत गाकर भी सुनाया।

श्रीमती पटेल ने बाल कक्ष से निकलकर रसोई घर व भोजन कक्ष का भी निरीक्षण किया। खाना बना रही महिलाओं से पूछा, 'बच्चों के लिये आज क्या बन रहा है और नवजात शिशुओं के लिये क्या व्यवस्था है।' उन्होंने यह भी जानकारी प्राप्त की कि कुपोषित बच्चों के लिये डाइट चार्ट और चिकित्सकों की क्या व्यवस्था है।

अंजुम/ललित/राजभवन (4/4)